# अंधड़ व बारिश से विद्युत तंत्र को भारी नुकसान, तुरंत बिजली सप्लाई हो : भाटी



ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ( दाएं से दूसरे ) ने विद्युत तंत्र को सुचारू करने को लेकर विभागीय अधिकारियों की ली डिस्कॉम विश्राम ग्रह में आपात बैठक ली।

- ऊर्जा मंत्री भाटी ने विभागीय अधिकारियों की आपात बैठक लेकर विद्युत तंत्र को सुचारू करने के लिए युद्ध स्तर पर काम करने के निर्देश दिए
- भाटी ने आंधी और बरसात के कारण विद्युत तंत्र को हुए नुकसान की क्षेत्रवार समीक्षा की

**बीकानेर,**(कासं)। ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कि कहा कि राज्य के साथ बीकानेर जिले में अंधड़ के साथ हुई तेज बारिश से विद्युत तंत्र को भारी नुकसान पहुंचा है। तेज-हवा और आंधी के बाद शुरु हुए दौर के बाद हुई तेज बरसात से कई जगहों पर विद्युत सप्लाई बाधित हुई। विभागीय अधिकारी युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए इन्हें प्राथमिकता से दुरुस्त करें, जिससे आमजन को परेशानी नहीं हो।

ऊर्जा मंत्री भाटी ने सोमवार को विद्युत व्यवस्था संधारण के बारे में विद्युत निगम के विश्राम गृह में अधिकारियों की बैठक ली और ये निर्देश दिए। इस दौरान निदेशक (तकनीकी) जोधपुर डिस्कॉम एम. एल. मेघवाल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता बीकानेर (जोन) एम. आर. मीना, अधीक्षण अभियंता राजेन्द्र मीना, एसई (मीटर) भूपेन्द्र भारद्वाज सहित जिले के डिस्कॉम अधिकारी मौजूद थे।

ऊर्जा मंत्री ने जिले में विद्युत तंत्र को हुए नुकसान को आगामी 10 दिनों में दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में आंधी और बरसात के कारण विद्युत तंत्र को हुए नुकसान की क्षेत्रवार समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में बिजली के खंभे गिरने से बिजली सप्लाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इन्हें दुरुस्त करवाया जाए। शहर को गांवों से जोड़ने वाली, गांवों को ढाणियों और खेतों से जोड़ने वाली लाइनों का निरीक्षण करने और नुकसान पाये जाने की स्थिति में इन्हें ठीक करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कृषि कनेक्शन और कृषि उपभोक्ताओं से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली और विभागीय अधिकारियों को सुरक्षा रखने की भी हिदायत दी।

उन्होंने प्राकृतिक आपदा के कहर को देखते हुए विद्युत विभाग की आपात बैठक में विद्युत आपूर्ति को तुरंत बहाल करने के निर्देश दिए। श्रीकोलायत, देशनोक, बज्जू, झझू, राववाला, रणजीतपुर, श्रीडूंगरगढ़, खाजूवाला आदि क्षेत्रों में विद्युत वितरण में अनियमितता के कारण आ रही समस्याओं के निदान हेतु अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश किए।

इस दौरान विद्युत खंभों, इंसुलेटर, ट्रांसफार्मर, डीजल और अन्य सामग्री की आपूर्ति की जानकारी लेकर विभागीय अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि इन कार्यों में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतें। किसी भी स्तर पर ऐसा पाया जाता है तो संबंधित कार्मिक के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए।

बैठक में विद्युत निगम के अधिकारियों ने बताया कि बरसात और अंधड़ से जिले के 16 पावर ट्रांसफार्मर जले हैं और 7400 से अधिक विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं। इनके अलावा कृषि कुओं पर लगे 63 केवी के ट्रांसफार्मर खराब हुए हैं। ऊर्जा मंत्री ने इन्हें तुरंत बदलने के निर्देश दिए और कहा कि सभी ठेकेदारों से काम लिया जाए। जहां पर अधिक नुकसान हुआ है, वहां अतिरिक्त संसाधन लगाकर विद्युत बहाली की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि बिजली के तार व आवश्यक सामान शीघ्रता से उपलब्ध करवाएं। विद्युत व्यवस्था बहाल करने के लिए टीमों से दिन-रात काम करवाएं। सभी अधिकारी फील्ड में पहुंचें और अपनी निगरानी में क्षतिग्रस्त विद्युत खंभों को खड़ा करवाएं।

उन्होंने कहा कि बीठनोक और गडियाला लाइनों में लगाए गए इंसुलेटरों की जांच करवाएं। यह कार्य निर्धारित नॉर्म्स के अनुसार ही हुआ हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में बकाया कृषि कनेक्शनों को अतिशीघ्र कनेक्शन देने पर जोर दिया और कहा कि यह समय बिजाई का है, इसे ध्यान रखते हुए इस कार्य को प्राथमिकता दी जाए।

## आज यहां लगेंगे महंगाई राहत शिविर

**बीकानेर,** (कासं)। महंगाई राहत कैम्प, प्रशासन शहरों के संग तथा प्रशासन गांव के संग अभियान के तहत मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित होंगे।

जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि बीकानेर नगरीय क्षेत्र में वार्ड 70 का शिविर नगर निगम भंडार कार्यालय, वार्ड 77 का शिविर सामुदायिक भवन रामदेव मंदिर बड़ी जस्सोलाई, वार्ड 40 का द्रोणा उच्च माध्यमिक विद्यालय,रामपुरा बस्ती मुक्ता प्रसाद रोड तथा वार्ड 41 का शिविर रेलवे वर्कशॉप,उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरानी रेलवे कॉलोनी लालगढ़ में आयोजित होंगे। इसके अलावा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर स्थाई महंगाई राहत कैम्प 30 जून तक आयोजित होंगे।

नगर पालिका श्रीडूंगरगढ़ वार्ड 23 का शिविर विद्यास्थली विद्यालय गोपाल गौशाला, खाजूवाला के वार्ड 13 का शिविर समता भवन, एसबीआई रोड़, देशनोक के वार्ड 13 का शिविर मूंदड़ा भवन में तथा नोखा के वार्ड नं.21 का शिविर कांकरिया चौक स्थित कांकरिया भवन एवं वार्ड 22 का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सांसी बस्ती में आयोजित होगा वहीं प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत बीकानेर के बम्बलू एवं हुसंगसर में, लूणकरनसर के सोढवाली एवं सहजरासर,श्रीडूंगरगढ़ के सुरजनसर एवं देराजसर, कोलायत का रावनेरी एवं खारिया पतावतान में, नोखा के बंधड़ा एवं भादला, बज्जू के बज्जू खालसा, पूगल के डेलीतलाई, छतरगढ़ के लूणखां में शिविर लगेंगे।

## सार-समाचार

### गाजे-बाजे से शोभायात्रा निकाली



बीकानेर में श्रीकृष्ण माहेश्वरी मंडल ने महेश नवमी पर शोभायात्रा निकाली।

**बीकानेर,** (कासं)। श्रीकृष्ण माहेश्वरी मंडल के तत्वावधान में सोमवार को महेश नवमी मनाई गई। इस मौके पर पूजन, अभिषेक, महाआरती की गई। शोभायात्रा मे बड़ी संख्या में माहेश्वरी समाज के लोगों ने भागीदारी निभाई। सुबह साढ़े आठ बजे मोहता चौक स्थित मंडल कार्यालय में पूजा-अर्चना की गई। बाद में मरूनायक मंदिर में कलम, दवात का पूजन हुआ। जस्सूसर गेट बाहर स्थित बिन्नाणी बगीची में भगवान शिव का अभिषेक किया गया। शाम को शोभायात्रा निकली। आयोजन को लेकर सत्यनारायण राठी, सुशील करनाणी, जगदीश कोठारी, पवन राठी, घनश्याम कोठारी, रामकिशन राठी, घनश्याम कल्याणी, प्रोफेसर नरसिंह बिन्नाणी, किशन चांडक,नारायण डागा,रामकिशन डागा,निपुण राठी,योगेश लड्ढा,रामकुमार राठी, शिवप्रसाद राठी, अनिल सोनी सहित समाज के लोग उपस्थित थे। शाम पांच बजे बाद डागा चौक स्थित महेश भवन से गाजे-बाजे से शोभायात्रा निकाली गई। इसमें शिव, गणेश सहित देवी-देवताओं सचेतन झांकियां निकाली गई। शोभायात्रा डागा चौक, बिन्नाणी चौक, मोहता चौक, दम्माणी चौक, बी. के. स्कूल,जस्सूसर गेट होते हुए महेश सदन पहुंची। जहां सजातीय बंधुओं ने भगवान शिव की महाआरती की। इसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। जगह-जगह शोभयात्रा का स्वागत सत्कार किया गया।

### कमला देवी शर्मा का शतायु सम्मान




कल्याण फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से 93 वर्षीय कमला देवी शर्मा का शतायु सम्मान किया।

**बीकानेर,** (कासं)। सामाजिक सरोकारों की अग्रणी संस्था कल्याण फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा आज बीकानेर में कमला देवी शर्मा का शाल, माला, श्रीफल और अभिनंदन पत्र भेंटकर शतायु सम्मान किया। फाउंडेशन की निदेशक कामिनी विमल भोजक मैया ने कहा कि आज से 80 साल पहले यानी अंग्रेजी दासता के वक्त भी अपनी पढ़ाई को लेकर सजग कमला देवी ने आजादी के बाद लड़कियों को महिलाओं को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ समाजसेवी पुरषोत्तम सेवक ने कहा कि कमला देवी आज भी इतनी वृद्ध हो जाने के बाद भी अपने पास आने वाली सभी समस्याओं का निदान कर देती है। एडवेंचर से जुड़े सचिव आर. के. शर्मा ने कहा कि कमला देवी शर्मा फिलहाल पिछले 5 महीनों से थोड़ा तबियत नरमी के कारण मिलना जुलना कम कर रखा है। वरना इनकी मंडली में 80 साल से लेकर 8 साल तक के सदस्य शामिल है। इस अवसर पर एडवोकेट जितेन्द्र भोजक, खुशबू शर्मा, एडवोकेट श्वेता कौशिक, मंजू देवी, श्यामसुंदर शर्मा, पूनम, प्राची, खुश, नताशा सहित गणमान्य जन मौजूद थे।

### सिद्दू मूसेवाला की बरसी पर छबील लगाई

**गजसिंहपुर,** सोमवार को मंडी के बस स्टैंड पर निकटतम गांव हरनोली के युवाओं ने पंजाबी गायक शुभदीप सिंह सिद्दू मूसेवाला की पहली बरसी पर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई छोटी उम्र में बड़ी तरक्की करने वाले युवाओं के दिलों की धड़कन लीजेंड गायक सिद्दू मूसेवाला को दिलोजान से चाहने वाले युवाओं ने नई मिसाल कायम करते हुए छबील का आयोजन किया सुबह से लेकर शाम 3 बजे तक छबील लगाई गई। इस मौके पर गुरमीत सिंह, गुरजोत सिंह, चढत सिंह, हरमन सिंह, खुश बराड़, खुशप्रीत सिंह, मनदीप सिंह, लखवीर सिंह, नीरज, कमल आदि मौजूद रहे।

# अवैध रिफिलिंग पर करें सख्त कार्रवाई : कलेक्टर

- साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने ये निर्देश दिए

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि रसद विभाग अवैध रिफिलिंग पर सख्त कार्रवाई करें। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर ने ये निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विभाग की टीम रैंडम रूप से नियमित निरीक्षण करें और अवैध रिफिलिंग पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध एफआईआर भी दर्ज करवाई जाए। जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में रिक्त उचित मूल्य दुकानों के लिए नये आवेदन लें और खाद्य सुरक्षा योजना के तहत आवंटित गेहूं का समय पर उठाव करवाना सुनिश्चित करवाया जाए।

जिला कलेक्टर ने शुद्ध के लिए युद्ध के तहत ली जा रही सैम्पलिंग की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दर्ज प्रकरणों में त्वरित डिस्पोजल करवाएं। बैठक में निशुल्क दवा योजना, जांच योजना, चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, जनता किलनिक के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने कहा कि महंगाई राहत शिविरों में चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत ई-केवाईसी और पंजीकरण करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि ऑनलाइन सत्यापन से वंचित रहे पेंशनर्स का सत्यापन करने के लिए डोर टू डोर अभियान चलाया जाए।

उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित सिलिकोसिस, पालनहार, अनुप्रति कोचिंग योजना की प्रगति की भी समीक्षा की। कलाल ने कहा कि शिक्षा विभाग 23 जून से प्रारंभ होने वाले प्रवेशोत्सव के दौरान घर-घर सर्वे करवाते हुए शिक्षा से वंचित बच्चों का नाम स्कूल में जुड़वाना सुनिश्चित करें। कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि आवंटित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के लिए कार्य में तेजी लाएं। माटी परियोजना के तहत पशु ऋण के आवेदनों पर बैंकों के साथ फॉलोअप करते हुए ऋण स्वीकृत करवा पशुपालकों को लाभ दिलवाएं। कलाल ने कहा कि सभी विभाग संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का गुणवत्तापरक और समयबद्ध निस्तारण भी सुनिश्चित करें। बैठक में आयुर्वेद विभाग, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, खनिज, उद्योग सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही बजट घोषणाओं और फ्लैगशिप स्कीम क्रियान्विति की भी समीक्षा की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) हरि सिंह मीणा, जिला उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा मौजूद थी।

## पुण्यतिथि पर चौ. चरणसिंह को याद किया

**बीकानेर,** (कासं)। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह की 36वीं पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता सेवानिवृत अतिरिक्त सैशन न्यायाधीश दयाराम गोदारा ने की। विचार गोष्ठी के मुख्य वक्ता श्योदान मेघवाल ने कहा कि चौधरी चरण सिंह एक महान विचारक थे। जिनके अर्थशास्त्र के लिखी हुई किताबें ऑक्सफार्ड यूनिर्वसिटी लंदन में पढाई जाती है परंतु हमारे देश के महाविद्यालय में नहीं पढाई जा रही है अत्यंत दुख का विषय है। एम. पी. बुढानिया ने चौ.चरणसिंह की कुटीर उद्योग की नीति को वर्तमान समय में पूरी तरह से प्रासांगिक बताया। विचार गोष्ठी के संयोजक एडवोकेट भागीरथ मान ने चौ. चरण सिंह की नीतियों का प्रचार प्रसार करने तथा सरकारों द्वारा लागू करने से किसान व निम्न वर्ग का भला हो सकता है।

# आकाशीय बिजली गिरने से मकान क्षतिग्रस्त

- बिजली गिरने के बाद खेतपाल के नवनिर्मित मकान में दरारें आ गई

**सूरतगढ़,** (कासं)। शाम को आंधी के साथ ही बादलों की गरज चमक होने लगी। हालांकि बरसात नहीं आई मगर तेज धमाके के साथ गिरी आकाशीय बिजली ने रंगमहल गांव में एक किसान की ढाणी में बने नवनिर्मित मकान को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

मौसम विभाग की चेतावनी के अनुरूप सूरतगढ़ में भी मौसम बेईमान है। शीतल बयार जहां लोगों को गर्मी से राहत पहुंचा रही है, वहीं तेज हवा और अंधड़ ने घरों में गृहणियों को परेशान कर रखा है। रंगमहल के सरपंच विजय सिंह ताखर ने बताया कि ढाणी में खेतपाल जोहम के मकान की दीवार के निर्माण का कार्य चल रहा था। यह दीवार कुछ दिन पहले आये अंधड़ से ढह गई थी। इस बीच शाम को जोरदार धमाके के साथ खेतपाल के मकान की छत पर बने चौबारे पर बिजली गिरी जिससे पूरे मकान में दरारें आ गई।

बिजली गिरने के कारण घर के विद्युत उपकरण और वायरिंग जलने के साथ ही घरेलू सामान का नुकसान हो गया। घटना के तुरंत बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मकान में रह रहे लोगों की सार संभाल की। बिजली गिरने के बाद खेतपाल के नवनिर्मित मकान की छत पर बनाया गया दमदमा और पानी की टंकी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घर में कमरे की चौगाटें टेढ़ी हो गई तो पूरे मकान में दरारें आ गई। बिजली गिरने की दूसरी घटना सूरतगढ़ में एनएच-62 के समीप 33केवी के विद्युत टावर पर घटित हुई जिसमें बिजली के इंसुलेटर जल गए। इस कारण से शाम के समय गुल हुई बिजली रात 11 बजे तक भी पूरी तरह से बहाल नहीं हो पाई थी। डिस्कॉम कर्मी रात तक फॉल्ट दुरुस्त करने में जुटे रहे।

# पवन भदौरिया अब बीकानेर शहर सी.ओ.

**बीकानेर,** (कासं)। गृह विभाग ने प्रदेशभर में 142 आरपीएस अफसरों के ट्रांसफर कर दिए हैं। इस लिस्ट में बीकानेर के नए सर्किल गंगाशहर को पहला सीओ मिल गया है। वहीं पूर्व सीओ सदर पवन भदोरिया अब सीओ सिटी होंगे।

राज्य सरकार ने पिछले दिनों बीकानेर के गंगाशहर में नया सीओ ऑफिस स्थापित करने की घोषणा की थी। इसी आधार पर सीओ गंगाशहर पद पर मुकेश कुमार सोनी का ट्रांसफर किया गया है। सोनी फिलहाल प्रतापगढ़ में सीओ पद पर है, जो जल्द ही गंगाशहर में ज्वाइन करेंगे। गंगाशहर थाने में ही सीओ गंगाशहर का ऑफिस फिलहाल स्थापित होगा। इसके अलावा बीकानेर में सीओ सिटी पद पर पवन भदौरिया का तबादला किया गया है। पवन पहले सीओ सदर थे और बाद में उनका ट्रांसफर बाहर हो गया।

वर्तमान में वो सीओ कोटड़ी भीलवाड़ा हैं। भदोरिया ने बताया कि जल्द ही बीकानेर में ज्वाइन करेंगे। पहले से सीओ सिटी दीपचंद को अभी कहीं और पदस्थापित नहीं किया गया है। इस ट्रांसफर लिस्ट में उन्हें पदस्थापन की प्रतीक्षा में भी नहीं दिखाया गया है। फिलहाल वो इसी पद पर है। एक-दो दिन में उन्हें किसी नए पद पर भेजा जा सकता है। बीकानेर में गठित नए सीओ मुख्यालय गंगाशहर के अधीन फिलहाल तीन थाने रहेंगे। इसमें गंगाशहर, नाल और नापासर थाना होगा। इन तीनों के थानाधिकारी सीओ गंगाशहर को रिपोर्ट करेंगे।

## प्रायोगिक परीक्षा तिथि में संशोधन

**बीकानेर,** (कासं)। संभाग के सबसे बड़े राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर में विज्ञान स्नातक के प्राणीशास्त्र एवं वनस्पति शास्त्र के स्वयंपाठी विद्यार्थियों के प्रायोगिक परीक्षा की तिथियों में संशोधन किया गया है।

प्राचार्य डॉ. इन्द्रसिंह ने बताया कि बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की पूर्व घोषित तिथि 23 जून के स्थान पर 13 जून निर्धारित की गई हैं। इसी प्रकार द्वितीय वर्ष के प्राणीशास्त्र की 18 जून को होने वाली परीक्षा अब 19 जून को तथा 13 जून को आयोजित होने वाली प्राणीशास्त्र व वनस्पति शास्त्र की परीक्षा अब 18 जून को आयोजित होगी। प्राचार्य ने बताया कि संशोधित कार्यक्रम संबंधित विभागों में नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया हैं। विद्यार्थी कार्यालय समय में जानकारी ले सकते हैं।

# वाहन की टक्कर से शराब के नशे में धुत युवक की मौत

- किसी वाहन ने इतनी जोरदार टक्कर मारी की पेट फट गया जिससे आंतें ही बाहर आ गई
- खाजूवाला-रावला रोड पर ये हादसा गुरूद्वारा तिराहा के पास हुआ, युवक पैदल जा रहा था और किसी वाहन ने टक्कर मार दी।

**बीकानेर,**(कासं)। खाजूवाला में एक युवक शराब के नशे में सड़क पर घूम रहा था। किसी अज्ञात वाहन ने इतनी जबर्दस्त टक्कर मारी की पेट फट गया और आंतें बाहर आ गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

इस युवक का शव लेने के लिए मां-बाप दुनिया में नहीं है। चाचा ने उसकी पहचान की है। मृतक की पहचान अमन बिश्नोई के रूप में हुई है। देर रात खाजूवाला के गुरूद्वारा तिराहे के पास इस युवक का एक्सीडेंट हुआ है। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। संभवत: किसी वाहन ने सामने से टक्कर मारी। उसके पेट पर जोर से चोट लगी है, जिससे पेट फट गया। अंदर की आंतें बाहर आ गई। मृत अवस्था में वह रात को वहीं पड़ा रहा। देर रात किसी ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद उसका शव मोर्चरी में रखवाया गया है। खाजूवाला-रावला रोड पर ये हादसा गुरूद्वारा तिराहा के पास हुआ। ये युवक पैदल जा रहा था और किसी वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस का कहना है कि मृतक नशा करता था। रविवार रात भी वो नशे की हालत में इधर से उधर घूम रहा था। अब उसका पोस्टमार्टम किया जायेगा, जिसके बाद शव परिजनों को सौंपा जायेगा। घटना के बाद खाजूवाला से एएसआई ग्यारसीलाल मीणा मौके पर पहुंचे थे। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालेगी ताकि एक्सीडेंट करने वाले वाहन का पता लगाया जा सके। रात के समय तेज गति से भागते किसी वाहन ने ही उसे टक्कर मारी है।

## 18 किलो डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार

**सूरतगढ़,** (कासं)। सदर थाना पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 18 किलो 300 ग्राम पोस्त जब्त करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

सदर थाना प्रभारी सुभाष बराला ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर उन्होंने जाप्ते के साथ एनएच-62 स्थित गांव भगवानगढ़ में सुनील मंडा पुत्र श्योकरण के घर पर दबिश दी। पुलिस के आने की भनक लगने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस जाप्ते ने घर का ताला तोड़कर अंदर एक कमरे से 16 किलो पोस्त बरामद की। पुलिस जब यह कार्रवाई कर वापस लौट रही थी।

इसी दौरान भगवानगढ़ गांव के ही पास पुलिस की गाड़ी को देख एक व्यक्ति ने तू कदमों से चलते हुए छुपने की कोशिश की। संदेह होने पर टीम ने पीछा कर उसे पकड़ते हुए तलाशी ली तो उसके कब्जे से 2 किलो 300 ग्राम पोस्त बरामद की गई। पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम सुरजीत पुत्र महेंद्र सिंह निवासी गांव भगवानसर का होना बताया। पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया।


**MANAPPURAM FINANCE LTD.**
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.06.2023 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
गंगानगर, रायसिंह नगर, 135100700034677, सूरतगढ राजस्थान, 135560700021985, 135560730045875,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 9072604049 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.


# कलेक्टर ने पंपिंग स्टेशन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया

- कलेक्टर ने शहर का दौरा कर नालों की स्थिति जानी और सफाई के निर्देश दिए



बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने सुजानदेसर में निर्माणाधीन पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण किया।

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने सोमवार को शहरी क्षेत्र का राउंड लिया। उन्होंने विभिन्न नालों और सुजनादेसर के ब्राह्मणों के मोहल्ले में निर्माणाधीन पंपिंग स्टेशन कार्य का निरीक्षण किया।

बरसात की संभावनाओं को देखते हुए उन्होंने नगर निगम आयुक्त केसर लाल मीणा को इन नालों की सफाई और रखरखाव का कार्य पूर्ण गंभीरता से करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निगम आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त संसाधन लगाये जाएं और वृहद स्तर पर नालों की सफाई हो। इन कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने सुजानेदसर स्थित चांदमल बाग और ब्राह्मणों के मोहल्ले में बरसात के कारण जल ठहराव की स्थिति का जायजा लिया। यहां बनाए जा रहे पंपिंग स्टेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा निर्माण में काम ली जा रही सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से लिया जाए, जिससे यहां के वाशिंदों की समस्या का स्थाई समाधान हो सके।

जिला कलेक्टर ने एसडीएम राजकीय जिला अस्पताल के दोनों ओर, भैंसावाड़ा, पुलिस लाइन, भुट्टों का चौराहा, म्यूजियम सर्किल, नगर निगम भंडार गृह के पीछे तथा तीर्थ स्तम्भ आदि क्षेत्रों के नाले देखे। इनकी साफ-सफाई की स्थिति जानी। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों मे रहने वाले लोगों द्वारा किसी प्रकार की समस्या की जानकारी दिए जाने पर निगम तत्काल रिसपोंड करें। उन्होंने बरसात के कारण जूनागढ़ की क्षतिग्रस्त दीवार का जायजा लिया और इसे दुरूस्त करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त केसर लाल मीणा साथ थे।

## पर्यावरण संरक्षण पर संगोष्ठी 4 को

**बीकानेर,** (कासं)। विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर आचार्य महानंद ट्रस्ट तथा महानंद पर्यावरण विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में 'पर्यावरण संरक्षण और युवा' विषयक संगोष्ठी आयोजित की जायेगी। कार्यक्रम संयोजक मानवेन्द्र आचार्य ने बताया कि संगोष्ठी महानंद उद्यान परिसर में 4 जून को सायं 5.30 बजे से आयोजित होगी। इसके बाद श्रमदान किया जायेगा।


**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण कमेटी जयपुर राजस्थान के पत्र द्वारा खनन पट्टों के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल कार्यालय में जन साधारण को देखने के लिए उपलब्ध है आवेदित खनन पट्टों की विवरण सूची निम्नवार है:-

| M.L.No. | Applicant | Applied Area Detail | Minerals | Area in Hectare | Letter No. |
|---|---|---|---|---|---|
| 20221000061356 | 1.Sh.Om Prakash Vishwakarma 2.Smt.Rukmani | Khasra No.2337/82, Near Village-Nal Bari, Bikaner | Ball Clay,Silica sand | 3.9955 | F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt./Project/Cat.B2(22405)/2022-23 |
| 20221000061417 | Nimisha Balara | Khasra No.2336/82, Near Village-Nal Bari, Bikaner | Ball Clay, Silica sand | 3.9841 | F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B2(22406)/2022-23 |

# आंधी व बारिश से टूटी जूनागढ़ की दीवार का कलेक्टर ने लिया जायजा



तूफान व बारिश से टूटी जूनागढ़ की दीवार को कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ( दीवार के पास ) व नगर निगम आयुक्त केसर लाल मीणा ने मौके पर जाकर देखा।

**बीकानेर,** (कासं)। कलेक्टर ने बरसात के कारण जूनागढ़ की क्षतिग्रस्त दीवार का जायजा लिया और इसे दुरूस्त करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त केसर लाल मीणा साथ थे।

बीकानेर में रविवार को तूफान के साथ हुई बारिश ने मौसम सुहाना करने के साथ ही नुकसान भी पहुंचाया। गनीमत रही कि इस तूफान के बाद किसी तरह की जनहानि नहीं हुई लेकिन सार्वजनिक व सरकारी सम्पत्ति को काफी नुकसान हुआ है। बीकानेर में कुल 72.8 एमएम बारिश हुई। इस दौरा जिलेभर में 44 ट्रांसफार्मर गिर गए, जबकि चालीस से ज्यादा पोल भी जमीन पर धराशायी हो गए। सौ से ज्यादा पेड़ पूरे जिले में गिरे हैं। शहरों में लगे पेड़ जड़ सहित बाहर आ गए। बीकानेर के जवाहर नगर में दो जगह-जगह पेड़ गिरे तो बिजली के तारों को भी साथ ले आए।

यहां एमएम ग्राउंड के पास शनि मंदिर के पास एक पेड़ गिर गया तो एक अन्य सेक्टर में भी पेड टूट गया। वहीं नोखा, कोलायत, बज्जू, रणजीतपुरा, नापासर और जामसर में भी भारी नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा पेड़ बीकानेर शहर, बज्जू और नोखा में गिरे हैं। इससे पहले गुरूवार को भी बीकानेर में तेज बारिश हुई थी। तब भी कई गांवों में बिजली के पोल गिर गए थे। श्रीडूंगरगढ़ के कई मोहल्लों में गिरे ट्रांसफार्मर तो दो दिन बाद भी बदले नहीं जा सके हैं। वहीं बीकानेर से श्रीडूंगरगढ़ के बीच कई गांवों में दो दिन तक बिजली आपूर्ति बंद रखनी पड़ी। तेज बारिश और तूफान से कई जगह नुकसान हुआ है। कहीं बिजली के पोल गिर गए हैं तो कहीं ट्रांसफार्मर ही जमीन पर आ गए। बिजली विभाग को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। गुरूवार को गुल हुई बिजली को ही दुरुस्त नहीं कर पाया। इस बीच रविवार को फिर तूफान आ गया। श्रीडूंगरगढ़ के कई गांवों में तो दो दिन से बिजली आपूर्ति बाधित है।

जिला कलक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने सोमवार को शहरी क्षेत्र का राउंड लिया। उन्होंने विभिन्न नालों और सुजनादेसर के ब्राह्मणों के मोहल्ले में निर्माणाधीन पंपिंग स्टेशन कार्य का निरीक्षण किया। बरसात की संभावनाओं को देखते हुए उन्होंने नगर निगम आयुक्त केसर लाल मीणा को इन नालों की सफाई और रखरखाव का कार्य पूर्ण गंभीरता से करवाने के निर्देश दिए।

- **तूफान से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई लेकिन सार्वजनिक सम्पत्ति को काफी नुकसान हुआ है**

उन्होंने कहा कि निगम आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त संसाधन लगाए जाएं और वृहद स्तर पर नालों की सफाई हो। इन कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। जिला कलेक्टर ने एसडीएम राजकीय जिला अस्पताल के दोनों ओर, भैंसावाड़ा, पुलिस लाइन, भुट्टों का चौराहा, म्यूजियम सर्किल, नगर निगम भंडार गृह के पीछे तथा तीर्थ स्तम्भ आदि क्षेत्रों के नाले देखे। इनकी साफ-सफाई की स्थिति जानी और कहा कि इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों द्वारा किसी प्रकार की समस्या की जानकारी दिए जाने पर निगम तत्काल रिस्पोंड करें।

**श्रीगंगानगर।** विभागीय प्रगति एवं मौसमी बीमारियों की समीक्षात्मक बैठक सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में श्रीकरणपुर विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर की मौजूदगी और कलेक्टर सौरभ स्वामी की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर ने महंगाई राहत कैम्प, प्रशासन गांवों के संग और प्रशासन शहरों के संग अभियान के साथ-साथ विधायक कोष कार्यों की समीक्षा की।

## जमीन आवंटन के बाद नोटिस देने का विरोध

**सूरतगढ़,** (कासं)। यहां मुख्य बाजार में सर्व समाज के लोगों ने सोमवार दोपहर को विधायक रामप्रताप कासनिया और पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश कालवा के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला फूंका। इसके साथ ही उपखंड कार्यालय तक रोष मार्च निकालते हुए एसडीएम को ज्ञापन दिया गया।

इससे पूर्व अमरनाथ लंगर सेवा समिति के अध्यक्ष किशनलाल स्वामी की अध्यक्षता में सैन मंदिर धर्मशाला में बैठक हुई। जिसमें अमरनाथ लंगर सेवा समिति, तेली समाज, कंबोज सिख समाज, नायक समाज के पदाधिकारियों और समाज के लोगों ने विधायक रामप्रताप कासनिया और पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश कालवा के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया। दरअसल विभिन्न समाजों को शहर में धर्मशाला और सामुदायिक भवन के लिए नगर पालिका की एम्पावर्ड कमेटी ने बैठक में प्रस्ताव पास कर भूमि दी थी। अब आरोप लगाया जा रहा है कि भाजपा विधायक रामप्रताप कासनिया और भाजपा के ही पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश कालवा ने सामाजिक संगठनों को दी गई भूमि रद्द करवाने के लिए कलेक्टर को शिकायत की है। इससे लोगों में विधायक और पालिकाध्यक्ष के प्रति आक्रोश पनप गया। पुतला दहन करते हुए उपखंड कार्यालय तक रोष मार्च निकालकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

## सार-समाचार

### अशोक गोयल का सम्मान किया



बीकानेर में महावीर इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय महासचिव अशोक गोयल ( बीच में ) का सम्मान किया।

**बीकानेर,** (कासं)। महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के अंतरराष्ट्रीय महासचिव अशोक गोयल के पहली बार बीकानेर आगमन पर भगवान महावीर के सिद्धांतों-उद्देश्यों में विश्वास रखने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं के तत्वावधान में होटल राजमहल के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महावीर इंटरनेशनल के पूर्व अध्यक्ष डॉ. नरेश गोयल थे। सम्मान समारोह की अध्यक्षता राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कोषाध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र जोशी ने की। इस अवसर पर बोलते हुए अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव अशोक गोयल ने कहा कि मनुष्य की जरूरत के मुताबिक उसकी सेवा करना भगवान की आराधना के बराबर है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नरेश गोयल ने कहा बीकानेर शहर में भामाशाह सामाजिक कार्यों में रूचि लेते हुए सेवा कार्य करना चाहते हैं। जरूरत उनको विश्वास में लेने की है। हमें भामाशाहों से संपर्क कर उन्हें सामाजिक कार्यों में जोड़ना चाहिए। कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल, बीकानेर के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट महेन्द्र जैन, पूर्व अध्यक्ष पूर्णचंद्र राखेचा, संजय कोचर, दीपेन्द्र सोनी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस समारोह में उपस्थित महानुभावों ने अशोक गोयल को माल्यार्पण, शॉल एवं श्रीफल अर्पण कर सम्मान किया।

### 108 कुंडीय महायज्ञ भूमि पूजन



108 कुंडीय महायज्ञ, श्रीरामचरित मानस महायज्ञ भूमि पूजन कर ध्वजारोहण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। सनातन धर्म की ध्वजा लहराती रहे, लोगों में सुसंस्कार प्रवाहित हो, जीवदया, गौसेवा एवं पर्यावरण का संरक्षण हो ऐसे उद्देश्य के साथ यदि कोई आयोजन होता है तो समझ लीजिए वह आयोजन तो निश्चित रूप से सफल होता है और प्रभुकृपा सदैव बनी रहती है। उक्त प्रवचन रेवासा धाम अग्रपीठाधीश्वर स्वामी राघवाचार्य वेदांती ने गंगाशहर स्थित रामझरोखा कैलाशधाम की सियाराम गौशाला में भूमि पूजन व ध्वजारोहण कार्यक्रम में व्यक्त किए। महाराज राघवाचार्य ने चौपाई का पाठ करते हुए कहा कि रामचरित मानस का पाठ करने से जन्म जन्मांतरों के पाप से मुक्ति, भय, रोग आदि सभी दूर हो जाते हैं। आयोजक महामंडलेश्वर सरजूदास महाराज ने कहा कि संत समाज ने अपना सर्वस्व अर्पण कर धर्म की रक्षा की है। पं. जुगलकिशोर ओझा के आचार्यत्व एवं पं. घनश्याम आचार्य द्वारा भूमि पूजन व ध्वजारोहण किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में डॉ. रामदेव अग्रवाल मुख्य यजमान रहे एवं राधेमोहन अग्रवाल, श्रीभगवान अग्रवाल, शिवरतन अग्रवाल, बृजमोहन अग्रवाल, प्रहलाद अग्रवाल, अरुण अग्रवाल रंगवाले, विष्णु अग्रवाल आदि यजमान का सानिध्य रहा। कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के.पवन, पूर्व मंत्री देवीसिंह भाटी, पूर्व यूआईटी चेयरमैन महावीर रांका, त्रिलोकी कल्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, उपमहापौर राजेन्द्र पंवार, जेठानंद व्यास, महेश व्यास, सुमेरमल दफ्तरी, बजरंग सारड़ा एवं आदूराम भाटी आदि का आतिथ्य रहा।

### विवाहिता से छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**हनुमानगढ़,** (कासं)। विवाहिता को ससुराल छोड़ने की बात कहकर पिकअप में बैठाने, रास्ते में नशीला पदार्थ पिलाकर छेड़छाड़ करने, विरोध करने पर मोबाइल फोन और रूपये छीनकर ले जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जिले के गोगामेड़ी पुलिस थाने में विवाहिता के ससुराल के गांव निवासी युवक सहित तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया है। कार्यवाहक थाना प्रभारी प्रशिक्षु एसआई चुंका देवी ने बताया कि पीड़िता ने बताया कि वह अपने ससुराल जा रही थी। जब वह दोपहर करीब दो बजे मुंसरी अड्डा के पास पहुंची तो उसके ससुराल गांव नुवां का नरेश ढील पुत्र महेन्द्र ढील पिकअप लिए खड़ा मिला। उसके साथ दलीप पुत्र इन्द्राज निवासी हरीपुरा और सुरेन्द्र पुत्र रूपराम निवासी हरीपुरा भी थे। नरेश ढील ने उसे ससुराल छोड़ने के नाम पर अपनी पिकअप में बैठा लिया। रास्ते में पानी में नशा मिलाकर पिला दिया और छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर मोबाइल फोन और पर्स से दो हजार रूपये छीनकर भाग गए। पुलिस ने छेड़छाड़, मारपीट और छीना झपटी के आरोप संबंधी धाराओं के तहत तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। मामले की जांच कार्यवाहक थाना प्रभारी प्रशिक्षु एसआई चुंका देवी कर रही हैं।

# दो विधायकों के साथ किसानों ने एसडीएम ऑफिस का किया घेराव

**अनूपगढ़,** (कासं)। अनूपगढ़ क्षेत्र में आये तूफान के कारण खराब हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर आज रायसिंहनगर विधानसभा के भाजपा विधायक बलबीर लूथरा और अनूपगढ़ विधानसभा के भाजपा विधायक संतोष बावरी के नेतृत्व में किसानों ने उपखंड कार्यालय का घेराव किया।

इस दौरान सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। घेराव से पूर्व उपखंड कार्यालय के सामने एक आम सभा का भी आयोजन किया गया। आम सभा में वक्ताओं ने राज्य सरकार और प्रशासन को किसान विरोधी बताते हुए तूफान के कारण खराब हुई फसलों की एवज में मुआवजे की मांग की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका बैलान, उपाध्यक्ष सतपाल मुंजाल,भाजपा नेता हरनेक कलेर सहित काफी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना अधिकारी फूलचंद शर्मा जाब्ते के साथ उपखण्ड कार्यालय में मौजूद थे। भाजपा विधायकों के नेतृत्व में किसान आम सभा के बाद उपखंड कार्यालय पहुंचे मगर उपखंड अधिकारी प्रियंका तलानिया उपखंड कार्यालय में मौजूद नहीं थे। इस पर भाजपा विधायकों के नेतृत्व में सभी किसान उपखंड कार्यालय में घुस गए और उपखण्ड कार्यालय में ही धरना लगा दिया।

- **तूफान से फसलों को हुए नुकसान के मुआवजे को लेकर फूटा आक्रोश**

धरने के दौरान विधायकों ने स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विधायकों ने बताया कि उन्होंने पहले ही उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देने की सूचना दे दी थी मगर उपखंड अधिकारी मौके पर कार्यालय में नहीं मिले। उपखंड अधिकारी प्रियंका तलानिया के कार्यालय में पहुंचने के बाद दोनों विधायक नाराज होकर बिना ज्ञापन दिए कार्यकर्ताओं के साथ वहां से चले गए। उपखंड अधिकारी ने बताया कि वह एक मीटिंग में थे और इसकी सूचना दोनों विधायकों को दे दी गई थी।

विधायक बलबीर लूथरा और विधायक संतोष बावरी के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय का घेराव किया गया और तूफान के कारण खराब हुई फसलों के एवज में राजस्थान सरकार से मुआवजे की मांग की गई। विधायक संतोष बावरी ने बताया कि उनकी विधानसभा में 59 जीबी, 60 जीबी, 63 जीबी, 64जीबी, 66 जीबी, 20 एएस,19 आरजेडी सहित अन्य गांवों में नरमे की फसल खराब हो गई है। विधायक बलबीर लूथरा ने बताया कि अनूपगढ़ क्षेत्र में एपीडी, एपीएम, एसजेएम, एलएसएम, सलेमपुरा, खमीसा केएसएम, एलपीएम, समेजा, पीएस, आरबी, एमके, टीके, पीटीडी क्षेत्र में फसल खराब हो गई है मगर सरकार के द्वारा खराब फसलों का सर्वे नहीं करवाया जा रहा है। घेराव के दौरान विधायकों ने मांग की है कि फसलों के नुकसान का विशेष गिरदावरी से सही आंकलन करवा कर किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाए।

## बाइक फिसलने से घायल की मौत

**हनुमानगढ़,** (कासं)। सड़क पर अचानक आये पशु को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर गिरे बाइक सवार की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार एक अन्य व्यक्ति के भी गंभीर चोटें लगी। मामला फेफाना पुलिस थाना क्षेत्र का है।

थानाधिकारी मानसिंह ने बताया कि मनोज पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी रतनपुरा पीएस फेफाना ने मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि उसके पिता जगदीश प्रसाद (60) पुत्र काशीराम रविवार को गांव के ही मिट्ठू के साथ बाइक पर सवार होकर खेत से घर के लिए रवाना हुए। जब वे देर शाम करीब सवा सात बजे ईंट भट्टा के पास पहुंचे तो अचानक सड़क पर आये पशु को बचाने के चक्कर में बाइक का संतुलन बिगड़ गया।

बाइक के गिरने से उस पर सवार उसके पिता और मिट्ठू के काफी चोटें लगी। दोनों को इलाज के लिए सिरसा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। इलाज के दौरान उसके पिता जगदीश प्रसाद की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। जांच थाना प्रभारी मानसिंह कर रहे हैं।

# जिले के 942 गांवों को स्वच्छ बनाने की कवायद

**बीकानेर,** (कासं)। स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के तहत जिले की 9 पंचायत समितियों की 366 ग्राम पंचायतों के 942 गांवों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के कार्य करवाए जा रहे हैं।

जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि इन प्रयासों से आमजन को ठोस कचरे और कीचड़ से निजात मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि इसके तहत 444 गांवों की डीपीआर तैयार करते हुए जिला स्वच्छता मिशन प्रबंधन समिति द्वारा अनुमोदित कर स्वीकृतियां जारी गई है। तरल कचरा प्रबंधन में 320, ठोस कचरा प्रबंधन में 207 गांवों तथा ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन में 30 उत्कृष्ट गांव घोषित किये गये है। इन गांवों में कचरा संग्रहण एवं एकत्रीकरण के लिए अभी तक 118 रिसोर्स रिकवरी सेन्टर बनाये गए हैं। इन सेंटरों पर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कर ले जाया जाएगा।

जिला कलेक्टर ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट तहत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए पंचायत समिति पांचू की 5, बीकानेर की 3एवं कोलायत की 1 सहित कुल 9 ग्राम पंचायतों में ई-रिक्शा क्रय किए गए हैं।

- **ई-रिक्शा से घर-घर कचरा संग्रहण किया जायेगा**

इनके द्वारा घर-घर कचरा संग्रहण किया जा रहा है। गलियों में कीचड़० नियंत्रित करने के लिए 16 हजार 255 सामुदायिक मैजिक पिट बनाए गए हैं। इसी प्रकार गांवों के कचरे से खाद बनाने के लिए गांवों में 1 हजार 215 सामुदायिक कम्पोस्ट पिट का निर्माण किया गया है। शौचालय विहीन 9 हजार 807 परिवारों के लिए व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण किया गया है। प्रति व्यक्तिगत शौचालय निर्माण पर 12 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि सीधे ही लाभार्थी के खाते में हस्तान्तरित की गई है। उन्होंने बताया कि कोलायत के कपिल मुनि धाम में बड़ी संख्या में दर्शनार्थी आते हैं। इसके मद्देनजर कोलायत कस्बे को लाइट हाउस इन्सेटिव में लिया गया है। इसके तहत कपिल मुनि घाट पर सामुदायिक कचरा पात्र स्थापित किये गये हैं।

# जर्जर मोघा ठीक नहीं कराने से ग्रामीणों में रोष

**अनूपगढ़,** (कासं)। ग्राम पंचायत 3 एनडी के गांव 4 केएएम में बना मोघे पिछले 18 महीनों से क्षतिग्रस्त है। मोघे के क्षतिग्रस्त होने के कारण गांव 5 केएएम और 6 केएएम के किसानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को दोनों गांवों के किसान 4 केएएम में बने मोघे पर पहुंचे और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के प्रति रोष प्रकट किया।

किसानों ने बताया कि जनवरी 2022 में सिंचाई विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की गई थी मगर अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि आज शाम को किसानों के द्वारा सिंचाई विभाग के अधिकारियों को एक बार फिर से ज्ञापन सौंपा जायेगा और समस्या के समाधान की मांग की जायेगी। अगर समस्या का समाधान नहीं होता है तो किसान आंदोलन करेंगे। किसान संजय कुमार ने बताया कि गांव 4केएएम में बना मोघा क्षतिग्रस्त हो चुका है। उन्होंने बताया कि मोघे में चारों और लोहे का फ्रेम लगा हुआ था और फ्रेम के नीचे 2 इंच की लोहे की प्लेट लगी हुई थी। मगर शरारती तत्वों ने इस प्लेट को उखाड़ दिया था और मोघे को क्षतिग्रस्त कर दिया था।

## शक्ति दिवस आज

**हनुमानगढ़।** जिले में चिकित्सा संस्थानों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में मंगलवार 30 मई को शक्ति दिवस का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी चाहर ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा चिकित्सा संस्थानों में हर मंगलवार को आयोजित शक्ति दिवस के दौरान बच्चों किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत प्रत्येक मंगलवार को बच्चों महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है।

# पेट्रोल पम्प के गल्ले से दिन दहाड़े 53 हजार रूपये चोरी

**अनूपगढ़,** (कासं)। मुख्य बाजार में भीड़-भाड़ वाले इलाके में एक व्यक्ति ने पेट्रोल पम्प के काउंटर के गल्ले का ताला तोड़कर 53 हजार रूपए पार कर दिए। यह घटना मुख्य बाजार में स्थित दीवान चंद एंड संस पेट्रोल पम्प पर दोपहर 2 बजकर सात मिनट पर हुई।

पेट्रोल पम्प में लगे सीसीटीवी में चोरी की पूरी घटना कैद हो गई। जिस समय घटना घटित हुई पेट्रोल पम्प का संचालक गल्ले को ताला लगाकर खाना खाने घर गया था। पेट्रोल पंप के संचालक रतन चुघ के द्वारा अनूपगढ़ पुलिस थाने में देर रात्रि अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मुख्य बाजार स्थित दीवान चंद एंड संस के संचालक रतन चुघ और उसका भतीजा परविंद्र चुघ रविवार दोपहर लगभग दो बजे अपने घर खाना खाने गए थे। पेट्रोल पम्प कार्यालय के सामने पेट्रोल डालने वाली मशीनों पर पम्प के कर्मचारी कार्य कर रहे थे। तभी महाराजा होटल की तरफ से एक व्यक्ति सबकी आंखों में धूल झोंक कर पेट्रोल पम्प के कार्यालय में घुसा। कार्यालय के अंदर रखे काउंटर का गल्ला पेचकस से तोड़कर गल्ले में रखे 53 हजार रूपए पार कर दिए। इतना ही नहीं रूपये पार करने के बाद भी व्यक्ति आराम से कार्यालय के बाहर निकलता हुआ, वापस जिस गली से आया था। उसी गली की तरफ चला गया।

- **गल्ले का ताला तोड़कर रूपये चोरी करने की घटना सीसीटीवी में कैद हुई**

# आपदा प्रबंधन मंत्री मेघवाल ने किया महंगाई राहत शिविरों का निरीक्षण



आपदा प्रबंधन मंत्री गोविन्द राम मेघवाल ( बीच में ) ने खाजूवाला में मंहगाई राहत शिविर में लाभार्थियों को गारंटी कार्ड वितरित किये।

**बीकानेर,** (कासं)। आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने सोमवार को खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र के लूणखां, तीन पावली और डेली तलाई में आयोजित प्रशासन गांवों के संग और महंगाई राहत शिविरों का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिले के लगभग तीन चौथाई परिवारों ने अपना पंजीकरण करवाते हुए पात्रता के आधार पर संबंधित योजनाओं के लाभ की गारंटी हासिल कर ली है। उन्होंने कहा कि आमजन को महंगाई की मार से बचाने के उद्देश्य से सरकार की यह पहल बेहद महत्वपूर्ण है। इसके मद्देनजर शत-प्रतिशत परिवारों का पंजीकरण करवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रशासन गांवों के संग अभियान के 22 विभागों की स्टॉल्स का अवलोकन भी किया और इन विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

मंत्री मेघवाल ने कहा कि ग्रामीणों को उनके राजस्व सहित विभिन्न कार्यों के लिए सरकारी कार्यालयों में नहीं जाना पड़े। इसे ध्यान रखते हुए यह शिविर लगाये जा रहे हैं। विभागीय अधिकारी सरकार की संवेदनशील भावना के अनुरूप कार्य करते हुए प्रत्येक समस्या का समाधान करने के हरसंभव प्रयास करें। उन्होंने कहा कि शिविरों पर राज्य सरकार के निर्देशों के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

शिविर प्रभारी द्वारा समय रहते सभी व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग की जाए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और इनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। इस दौरान तीन पावली शिविर में उपखंड अधिकारी खाजूवाला श्योराम, नायब तहसीलदार सपना सोनी, सरपंच 3 पावली भागीरथ, पूर्व सरपंच पदमाराम चौहान, ग्राम पंचायत लूणखां में सरपंच अभिमन्यु सिंह और डेली तलाई में सरपंच मुकन सिंह मौजूद थे।

- **प्रशासन गांवों के संग अभियान के 22 विभागों की स्टॉल्स का अवलोकन भी किया और इन विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली**

# सीसी रोड व अम्बेडकर भवन का किया लोकार्पण



खाजूवाला में आपदा प्रबंधन मंत्री गोविन्द राम मेघवाल ने विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने 1 पीडब्लयूएम में एमएलए लैड से दो लाख रुपये की लागत से निर्मित टीनशेड, बीएडीपी मद से 15 लाख की राशि से तैयार अम्बेडकर भवन और आदर्श ग्राम योजना के तहत पांच लाख रुपये से बनी सीसी रोड का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आज खाजूवाला के गांव-गांव में मूलभूत सुविधाएं बढ़ी हैं और आमजन का जीवन स्तर सुधरा है। उन्होंने कहा कि तीनों कार्यों से ग्रामीणों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि लगभग पांच वर्ष पूर्व तक खाजूवाला की गिनती पिछड़े क्षेत्रों में होती थी।

इस अवधि में दूरदर्शिता के साथ क्षेत्र का विकास करवाया गया है। आज यहां स्कूल, कॉलेज और स्तरीय अस्पताल हैं, जिनका लाभ आमजन को मिल रहा है।

आपदा प्रबंधन मंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण और लम्पी स्किन जैसी प्रतिकूलताओं के बावजूद प्रदेश ने आमजन को संबल प्रदान किया है। आज प्रदेशवासी स्वालम्बन के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। उन्होंने आमजन से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आव्हान किया और कहा कि शिक्षा के जीवन में आगे बढ़ना संभव नहीं है। उन्होंने बेटियों को पढ़ाने और आगे बढ़ने के अवसर देने की अपील की। इस दौरान पदमाराम चौहान, 3 पावली सरपंच भागीरथ, एडवोकेट रामकुमार तेतरवाल, 40 केवाईडी, सरपंच रामेश्वरलाल गोदारा, मकबूल बलोच आदि मौजूद रहे।

